प्रादेशिक समाचार
दिनांक–11.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- नयी केंद्रीय मंत्रिपरिषद् में राजनाथ सिंह, अमित शाह, निर्मला सीता रमण और एस. जयशंकर के मंत्रालय बरकरार।
- झारखंड के दो सांसदों को बनाया गया मंत्री, अन्नपूर्णा देवी को मिला महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और संजय सेठ बनाए गए रक्षा राज्य मंत्री।
- टेंडर कमीशन घोटाले में जेल में बंद आलमगीर आलम ने मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से दिया इस्तीफा।
- मौसम विभाग ने आज से 13 जून तक पलामू और संताल के सभी जिलों में दी लू चलने की चेतावनी, जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

***********************

मोदी सरकार के मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्रालय दिया गया है। श्री अमित शाह गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री बने रहेंगे। नितिन गडकरी के पास सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय बरकरार रहेगा। जगत प्रकाश नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय आवंटित किया गया है। शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। राष्ट्रपति भवन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि निर्मला सीतारामन को वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय आवंटित किए गए हैं, जबकि डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर को विदेश मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्रालय के साथ–साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय भी आवंटित किया गया है। झारखंड की कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को महिला एवं बाल विकास तथा रांची सांसद संजय सेठ को रक्षा राज्य मंत्री बनाया गया। मंत्री बनाए जाने के बाद अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि विकसित भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है और सुपोषित, सक्षम और समर्थ महिलाएं और बच्चे ही इस संकल्प को सिद्दी तक पहुंचाने में सहायक होंगे। वहीं संजय सेठ ने कहा है कि राजनाथ सिंह के साथ मिलकर रक्षा क्षेत्र में भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करने पर उनका जोर रहेगा।

***********************

नवगठित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के कई मंत्री आज अपना कार्यभार संभालेंगे। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस जय शंकर, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और खेल तथा युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया शामिल हैं जो आज से अपने कार्यालय में कामकाज शुरू करेंगे। उनके साथ महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कपडा मंत्री गिरिराज सिंह, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू और जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल भी आज कार्यभार संभालेंगे। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जीतेंद्र सिंह भी आज कामकाज शुरू करेंगे।

***********************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज कई विभागों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में केंद्र की उन योजनाओं पर विशेष फोकस रहेगा, जिनसे आम लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होते हैं। आज जिन विभागों की समीक्षा होगी उनमें प्रमुख रूप से ग्रामीण विकास, पंचायती राज, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अल्प संख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा महिला विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग शामिल हैं। बैठक में शामिल होने के लिए विभागीय मंत्रियों को भी विशेष रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

***********************

गिरिडीह जिले में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के नेतृत्व में एक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उनके क्षेत्र के बच्चे प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं और खेत भी बंजर हो रहे है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हुई बैठक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रीकांत विस्पुटे ने

कहा कि यह समस्या नई नहीं है। चरण बद्ध तरीके से प्रदूषण नियंत्रण पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री एरिया में स्वास्थ्य शिविर भी लगाये जाएंगे।

**********************

रांची नगर निगम ने आम लोगों की पानी, बिजली, सफाई और स्ट्रीट लाईट से संबंधित समस्या और शिकायत दर्ज कराने के लिए 24 घंटे सातों दिन की सेवा विभिन्न माध्यमों से शुरू की है। इसके लिए निगम की ओर से स्थापित कनेक्ट सेंटर को शुरू कर दिया गया है। जिसमें किसी भी दिन और किसी भी समय लोग अपनी शिकायत और सुझाव को यहां दर्ज करा सकते हैं।

**********************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत पत्थर खनन प्रभावित पांच गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**********************

टेंडर कमीशन घोटाला में जेल में बंद आलमगीर आलम ने कल मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। मंत्री पद से इस्तीफे का पत्र उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भेजा है जबकि विधायक दल के नेता पद से इस्तीफे का पत्र कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा है। आलमगीर आलम के पास संसदीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग था। तीन दिन पूर्व मुख्यमंत्री ने इन सभी विभागों को अपने पास रख लिया था।

**********************

रांची पुलिस ने नगड़ी से पीएलएफआई के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। कल रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में एक एरिया कमांडर भी शामिल है। इनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को जानकारी मिली थी कि ये लोग हथियार के बल पर एक जमीन पर कब्जा दिलाने की तैयारी में थे।

**********************

रांची पुलिस ने एक प्लाईवुड कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर को अगवा करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तारी किया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कल इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अपहरण के चार घंटे के अंदर सेल्स मैनेजर को धुर्वा क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। वहीं इस घटना में शामिल एक महिला चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

**********************

मौसम विभाग ने आज से 13 जून तक पलामू और संताल परगना के सभी जिलों में लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों का अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास जा सकता है। मौसम विभाग की ओर से कई जिलों के लिए 14 जून तक हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार राज्य के मध्य, उत्तरी–पश्चिम हिस्सों में कहीं–कहीं वज्रपात के साथ बारिश भी हो सकती है। वहीं 15 जून से पूरे राज्य में बारिश के आसार हैं।

**********************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद् की घोषणा की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान लिखता है– प्रधानमंत्री मोदी की कोर टीम कायम, शाह को फिर गृह और राजनाथ को रक्षा मंत्रालय।

प्रभात खबर ने लिखा है – गृह फिर शाह को, रक्षा राजनाथ के हाथ, अन्नपूर्णा बनी महिला एवं बाल विकास मंत्री, संजय सेठ रक्षा राज्य मंत्री।

गृह रक्षा वित्त और विदेश विभाग पुराने हाथों में दैनिक जागरण ने इसे पहली सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– सरकार नई, पावर वही।

कल्पना सोरेन ने ली शपथ, गाड़ेय उपचुनाव जीतकर पहली बार बनी है विधायक, रांची एक्सप्रेस ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

और राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है –पीएमएवाई के तहत बनेंगे तीन करोड़ नए घर।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी नयी केंद्रीय मंत्रिपरिषद् की घोषाणा की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**************